झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (नियमित एवं बैकलॉग भर्त्ती) (विज्ञापन संख्या–19/2022 एवं 20/2022)

आवश्यक सूचना–07

दिनांक – 02.05.2023

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 19/2022 एवं 20/2022 द्वारा रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 के लिए अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन दिनांक – 22.11.2022 से दिनांक – 11.01.2023 की मध्य रात्रि तक प्राप्त किए गये हैं। परीक्षा अन्तर्गत फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड नहीं करने वाले 144 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना–06 दिनांक 30.04.2023 द्वारा रद्द कर दी गई है।

2. अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों पर सम्यक विचारोपरान्त आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त 144 अभ्यर्थियों जिनके द्वारा मात्र फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड नहीं किया गया है, ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता विशेष परिस्थिति में पुर्नबहाल करते हुए परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जाती है। उक्त अभ्यर्थी दिनांक 05.05.2023 से पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि कर परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के दौरान फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करते हुए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड नहीं किये जाने की अवस्था में उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द समझी जाएगी। उपर्युक्त निर्णय आयोग द्वारा विशेष परिस्थिति में लिया गया है, अतः इसे भविष्य की परीक्षाओं हेतु पूर्वोद्धारण नहीं समझा जाय।

3. सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 05.05.2023 से आयोग के वेबसाइट पर प्रकाशित लिंक के माध्यम से डाउनलोड किया जाएगा।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।